July-Dec. 2018-19-I

# Darpan

**Newsletter of Post Graduate College published Biannual & Bilingual**

## आर्य महिला पी.जी. कॉलेज

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय से सम्बद्ध
(नैक द्वारा ग्रेड ''ए'')

**College with Potential for Excellence**

Copyright C : Arya Mahila P.G. College, Chetganj, Varanasi
Ph. : 0542-2411893, Fax : 0542-2401287
Website : www.ampgc.ac.in

# प्राचार्या की लेखनी से....



मुझे गर्व है कि मैं श्रीमती विद्या देवी जी एवं स्वामी ज्ञानानन्द जी द्वारा स्थापित इस पवित्र संस्था आर्य महिला पी.जी. कॉलेज में प्राचार्य हूँ मुझे उनके सपनों को आगे बढाने का सुअवसर प्राप्त हुआ है।

न्यूज लैटर 'दर्पण' विगत वर्षों से अनवरत प्रकाशित हो रहा है। इसमें महाविद्यालय के अध्यापकगण, छात्राएँ प्रशासन, कार्यालयीय कर्मचारीगण से सम्बन्धित सभी समाचारों को समाहित करने का प्रयास किया जाता है।

महाविद्यालय में कम्प्यूटरीकृत लाइब्रेरी, कम्प्यूटर साक्षरता, छात्र-परिषद्, खेलकूद आदि कार्यक्रमों द्वारा छात्राओं के चहुंमूखी विकास का प्रयास किया जाता है। साथ ही साथ शिक्षणेतर एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से छात्राओं के भीतर छिपी रचनात्मक एवं ज्ञानात्मक प्रतिभा को सामने लाने को अवसर प्रदान किया जाता है।

हर्ष का विषय है कि इस वर्ष महाविद्यालय को Community College के अन्तर्गत Food processing एवं Information Technology पाठ्यक्रम को संचालित करने की मान्यता प्राप्त हुई है।

न्यूज लेटर 'दर्पण' के प्रस्तुत अंक (जुलाई-दिसम्बर 2018-19-1) के प्रकाशन के अवसर पर मैं सर्वप्रथम महाविद्यालय के प्रबन्ध - समिति के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करती हूँ जिनके कुशल निर्देशन एवं रचनात्मक सहयोग से मुझे सदैव बल मिलता रहा है। महाविद्यालय के सभी शिक्षक वृंद, छात्राओं एवं कर्मचारीगण को महाविद्यालय की गरिमा बनाए रखनें के लिए धन्यवाद देती हूँ। पुनः अगले अंकों में क्रमशः......

# सम्पादक की लेखनी से....



पूज्य श्रीमती विद्या देवी जी एवं स्वामी ज्ञानानन्द जी ने आज से दशकों पूर्व 1956 ई. में जिस दृढ़ संकल्प एवं महान् उद्देश्य को लेकर इस संस्था की स्थापना की थी, उसके मूल में महिलाओं को शिक्षा द्वारा उन्नत, आत्मनिर्भर चरित्र-निर्माण एवं देशभक्ति की भावना का संचार करना था। उनकी यह भावना इस संस्था के माध्यम से निरन्तर फलती-फूलती रही है। साथ ही विकास के पथ पर पर अग्रसर है।

न्यूज लेटर 'दर्पण' (जुलाई - दिसम्बर 2018-19-1) के प्रस्तुत अंक में शैक्षणिक, सांस्कृतिक, सामुदायिक गतिविधियों, खेलकूद, राष्ट्रीय सेवा योजना तथा अन्य गविविधियों को विस्तार से समाहित किया गया है।

इस सत्र में महाविद्यालय स्तर पर छात्र परिषद् के विभिन्न सदस्यों का चुनाव छात्राओं द्वारा किया गया। पर्यावरण एवं स्वच्छता हेतु लोगों को जागरूक करने के लिए 'स्वच्छता पखवारा' एवं रैलियाँ आयोजित की गईं।

'दर्पण' के इस अंक के प्रकाशन के लिए मैं महाविद्यालय की प्राचार्या, प्रो. रचना दूबे के प्रति विशेष आभारी हूँ, जिनकी निरन्तर प्रेरणा एवं उत्साहवर्द्धन से यह अंक आपके हाथों में है। पुनः अगले अंक में............

## श्रद्धेया विद्यादेवी जी



- पूजनीया श्रीमती विद्यादेवी जी का जन्म 08.10.1900 ई0 को हुआ। वह 17 वर्ष की अल्पायु में काशी आयीं। यहाँ उन्होंने स्वामी ज्ञानानन्द जी से दीक्षा ग्रहण कर स्वामी जी के आशीर्वाद से महामण्डल एवं उससे सम्बद्ध शिक्षण संस्थाओं को स्थापित करने का महान कार्य किया। उन्होंने सन् 1956 ई0 में आर्य महिला डीग्री कॉलेज की स्थापना की। वह महाविद्यालय के सेवार्थ जीवन पर्यन्त समर्पित रहीं। उनका तिरोभाव 04.11.1988 ई0 को हुआ।




- 5 अक्टूबर, 2018 को पूजनीया श्रीमती विद्यादेवी जी के आर्विभाव दिवस के अवसर पर उनकी स्मृति में ''विद्यांजलि'' कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता डॉ. उमा पंत, पूर्व अध्यक्षा, दर्शन शास्त्र विभाग रहीं। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्रार्थना, मंगलाचरण एवं कुलगीत का संकलन लघु-पुस्तिका का विमोचन किया गया।

# FACULTY OF ARTS

## Department of A.I.H.C. & Archaeology

- दिनांक 25 अगस्त 2018 को विभाग द्वारा, 'कुंभ इतिहास और परम्परा' विषयक व्याख्यान का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य वक्ता प्रो. डी.पी. दूबे, इलाहाबाद विश्वविद्यालय थे।




- 6.10.2018 को प्रा.भा.इ.सं. एवं पुरातत्त्व विभाग, इतिहास विभाग एवं इतिहास संकलन समिति, काशी प्रान्त के संयुक्त तत्त्वावधान में राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी की मुख्य वक्ता प्रो. सुष्मिता पाण्डे, निदेशक, मॉन्यूमेण्ट ऑथॉरिटी ऑफ इण्डिया, नई दिल्ली रहीं एवं विशिष्ट वक्ता डॉ. डी.पी. सिंह, अध्यक्ष, इ.सं. समिति, काशी प्रान्त थे।



- विश्व धरोहर सप्ताह के अवसर पर दिनांक 19 नवम्बर, 2018 को विभाग द्वारा एम.ए. प्रथम वर्ष की छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण हेतु 'नेपाली मंदिर', ललिता घाट, वाराणसी ले जाया गया।

## Department of Bengali

- दिनांक 2 सितम्बर, 2018 से रामकृष्ण मिशन एवं बंगाली विभाग, आ.म.पी.जी. कॉलेज के संयुक्त तत्त्वावधान में "Sustain Graded Value Education Programme" के अन्तर्गत दो वर्षीय सर्टिफिकेट कोर्स की कक्षाएँ प्रारम्भ की गईं।



- दिनांक 9.10.2018 को नवरात्र में देवी के आह्वान एवं स्वागत हेतु बंगाली विभाग द्वारा 'ऑगॉमनी' सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



- दिनांक 12.08.2018 को आ.म.पी.जी. कॉलेज एवं निखिल भारत बंग साहित्य सम्मेलन के संयुक्त तत्त्वावधान में संचालित एकेडमिक लिंक कोर्स की परीक्षा आयोजित की गई

## Department of Home Science

- दिनांक 24-31 जुलाई, 2018 तक 'प्लास्टिक मुक्त अभियान के अन्तर्गत गृह विज्ञान विभाग द्वारा 'कैरी बैग मेकिंग'' कार्यशाला का आयोजन किया गया।



- दिनांक 30.08.2018 को गृह विज्ञान विभाग द्वारा 'बी द चेंज' विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता प्रो. पी.के. मिश्रा, विभागाध्यक्ष केमिकल इंजिनियरिंग विभाग, प्रौद्योगिकी संस्थान, बी.एच.यू. ने व्याख्यान दिया।



- दिनांक 01-07 सितम्बर, 2018 के मध्य 'राष्ट्रीय पोषण सप्ताह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हेल्दी ब्रेकफास्ट, पोस्टर मेकिंग एवं स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
- दिनांक 06 सितम्बर, 2018 को ''थैलेसीमिया रोग : बचाव एवं उपचार'' विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता कु. निकिता आजवानी, फाउण्डर, लेट्स हेल्प सम वन' (NGO) रहीं।
- दिनांक 01 अक्टूबर, 2018 को विभाग द्वारा 'Disaster Risk Reduction" विषयक एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।
- दिनांक 19-.09.2018 को "A talk on Gender Issues, Discrimination and Sex, Selection Malpractices in India" विषयक व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसके मुख्य वक्ता सुश्री प्रज्ञा, इण्डियन इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक हेल्थ, नई दिल्ली रहीं।

## Department of Philosophy




- दिनांक 07 अक्टूबर 2018 को विभाग द्वारा ''तर्कशास्त्र : एक गहन अध्ययन विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसकी मुख्य वक्ता डॉ. उमा पंत, पूर्व विभागाध्यक्षा, दर्शन शास्त्र विभाग, आ.म.पी.जी. कॉलेज रहीं। आपने दिनांक 09 अक्टूबर, 2018 को ''पाश्चात्य दर्शन : एक परिचय'' विषय पर अपना विचार व्यक्त किया।
- दिनांक 17 नवम्बर, 2018 को ''विश्व दर्शन दिवस'' के अवसर पर विभाग द्वारा वर्तमान समय में योग दर्शन का महत्त्व'' विषय पर डॉ. कृपाशंकर ओझा ने विचार व्यक्त किया।

# FACULTY OF SOCIAL SCIENCE

## Department of Economics



- विभाग की छात्रा सुश्री दीक्षा श्रीवास्तव (बी.ए. ऑनर्स, 2017-18) का चयन ''ग्राम विकास अधिकारी'' के पद पर हुआ। जिसे विभाग द्वारा सम्मानित किया गया।
- विभाग द्वारा संयोजित ''कौटिल्य क्लब'' द्वारा भारतीय अर्थव्यवस्था पर जी.एस.टी.के प्रभाव'' विषय पर आयोजित क्विज प्रतियोगिता में बी.ए. (ऑनर्स सेमेस्टर V) की छात्राओं ने सहभागिता की।

## Department of History

- इतिहास विभाग द्वारा दिनांक 6 अक्टूबर, 2018 को प्रा.भा.इ.सं. एवं पुरातत्व विभाग तथा इतिहास संकलन समिति, काशी प्रांत के संयुक्त तत्त्वावधान में राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया। संगोष्ठी की मुख्य वक्ता प्रो.सुष्मिता पाण्डे, निदेशक, मान्यूमेण्ट अथॉरिटी ऑफ इण्डिया, नई दिल्ली रहीं एवं विशिष्ट वक्ता, डॉ.डी.पी. सिंह अध्यक्ष, इं.सं.समिति, काशी प्रांत थे।

## Department of Political Science

- दिनांक 05.09.2018 को विभाग ने स्नातक एवं परास्नातक छात्राओं के मध्य ''समकालीन मुद्दों'' पर परिचर्चा के लिए 'डिबेट क्लब' का संयोजन किया।



- दिनांक 25.08.2018 को विभाग द्वारा स्नातक अन्तिम वर्ष की छात्राओं के लिए अमर उजाला समाचार पत्र के कार्यालय की कार्य-विधि एवं प्रकाशन की विधियों की जानकारी के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।



- दिनांक 08.09.2018 रोट्रैक्ट क्लब द्वारा "Human Value and Professional Ethics" विषयक टॉक-शो का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य वक्ता निर्मल जोशी थे।

## Department of Psychology

- दिनांक 29.08.2018 को विभाग द्वारा "HIV/ AIDS Awareness : Social awareness" विषय पर छात्राओं के मध्य पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।



## TEACHER'S CORNER

- डॉ.बिन्दू लाहिड़ी, एसोसिएट प्रोफेसर, बंगाली विभाग ने सुमिता चटर्जी (स्क्रिप्ट राइटर) की फिल्म 'कसक' एवं 'दस्तक' की समीक्षा दिनांक 29.09.2018 को का.हि.वि.वि. में आयोजित कार्यक्रम में की।



- दिनांक 19.09.2018 को रामकृष्ण मिशन होम ऑफ सर्विस एवं शिक्षा संकाय काशी हिन्दू विश्वविद्यालय द्वारा 'विश्व धर्म महासभा शिकागो' के 125वाँ सांवत्सरिक समारोह में 'पर सहयोग परभाव ग्रहण, समन्वय एवं शान्ति'' विषय पर आयोजित संगोष्ठी में, डॉ. बिन्दु लाहिड़ी, डॉ.स्वप्ना बद्योपाध्याय (बंगला विभाग), डॉ. बृजबाला सिंह (हिन्दी विभाग) एवं डॉ. रंजना मालवीय, डॉ. सुनीता यादव (प्रा.भा.इ.सं. एवं पुरातत्त्व विभाग) ने सहभागिता की।



डॉ. बृजबाला सिंह, एसोसिएट प्रोफेसर, हिन्दी विभाग की पुस्तक 'परिवर्तन की परम्परा के कवि लीलाधर जगूड़ी'' वाणी प्रकाशन नई दिल्ली से प्रकाशित हुई। ISBN-978-93-87889-39-2।




- डॉ. विथिका अग्रवाल, प्रवक्ता, मनोविज्ञान विभाग, के संयोजकत्व में दिनांक 04.10.2018 को 'लायन्स क्लब वाराणसी रॉयल द्वारा 'सेनेटरी पैड वेन्डिंग मशीन' महाविद्यालय को प्रदान किया गया।
- डॉ. सुचिता त्रिपाठी, एसोसिएट प्राफेसर, हिन्दी विभाग असम विश्वविद्यालय, सिल्चर में राष्ट्रपति द्वारा ''विश्वविद्यालय कोर्ट'' की सदस्य मनोनीत की गयी।



डॉ. सुचिता त्रिपाठी की पुस्तक ''नारी सृजन यात्रा (मध्यकाल से आज तक) दिल्ली से प्रकाशित हुई। ISBN-978-93-86110-91-6।

- डॉ.दीपिका बरनवाल प्रवक्ता गृह विज्ञान ने ICMR नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ न्यूट्रिशियन हैदराबाद में आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय सेमिनार में 'न्यूट्रिशिनल कम्पोजिशन ऑफ माल्टेड कम्पोजिट फ्लोर' विषयक शोध-पत्र प्रस्तुत किया।
- डॉ.दीपिका को AEDS,UP द्वारा आयोजित EIAEASSD-2018 SHUATS, इलाहाबाद में अन्तर्राष्ट्रीय सेमिनार में एक्सीलेंस इन टीचिंग अवार्ड प्रदान किया गया।
- डॉ.ऋचा मिश्रा प्रवक्ता, गृह विज्ञान विभाग को लालता सिंह राजकीय महिला, पी.जी. कालेज, अदलहाट एवं आर.एफ.आई. के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय कांफ्रेस में इण्टरनेशनल अवार्ड फॉर एक्सीलेंस टीचिंग प्रदान किया गया।
- Dr. Garima Gupta, Assit. Prof. Dept. of Psychology delivered a talk based on the prescribed curriculum for the learners of MAPC, IGNOU on 16th May, 2018 at Aakashvaani Radio Channel, Gyanvani IGNOU, Varanasi.
- She acted as an Organizing Secretary for "One day workshop on Working together to prevent suicide : Every one is psychologist" on 10th September, 2018.

  Acted as an Organizing Secretary for "One day workshop on Substance abuse and de-addiction : Raising awareness in yong adults" on 7th October, 2018.




- Dr. Mamta Sanyal, Asso. Prof. Deptt. of Vocal Music, Delivered a lecturer on the topic "Hindustani Sangeet Main Ragon ka Prayog" on 19.11.2018 in Vasanta College for women, Rajghat, Varanasi.
- She Organized an Musical Programme in Chittarang.
- Dr. Manish Tiwari. Assit. Prof. Deptt. of Sociology Convened a lecture of Dr. Shweta Prasad, Professor of Sociology, FSS, BHU on the theme 'Gender Empowerment' dated 15/09/2018.
- Delivered a lecture on 'Soceity and Environment' at Iswar Saran Post Graduate College, University of Allahabad, dated 11/10/2018.
- Served as an Expert for Uttar Pradesh Madhyamik Siksha Sewa Chayan Board, Allahabad, U.P. dated 10-11/10/2018.
- Delivered an invited lecture on 'Indian Youth: Challenges and Opportunities' in the 'National Seminar titled "Youth in Contemporary India: Issues, Challeneges and Opportunities" organised by Iswar Saran Post Graduate College, University of Allahabad, Allahabad, U.P., sponsored by ICSSR, held dated 27-28/10/2018.

## National Service Scheme (NSS)




- 28 अक्टूबर से 06 नवम्बर, 2018 के मध्य राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा ''अटल बिहारी बाजपेयी इंस्टीट्यूट ऑफ माउण्टेनरिंग एण्ड एलाइड स्पोर्ट्स मनाली में आयोजित राष्ट्रीय शिविर'' में आ.म.पी.जी. कॉलेज के कार्यक्रम अधिकारी, डॉ. नरेश सिंह के नेतृत्व में सुश्री प्रियदर्शी, कु. संयुक्ता, कु. शक्ति एवं कु. शिवानी ने सहभागिता की।
- Dr. Manish Tiwari Programme Officer NSS-Unit-A Organized a one day camp as 'Swachhata Diwas' at Pishach Mochan Kund, Pishach Mochan, Varanasi dated 12/09/2018.
- Organised a one day camp (Special Programme) as 'Blood Donation Camp' with the co-ordinatoins of Sri Shiv Prasad Gupta Hospital, district hospital, Kabirchaura, Varanasi dated 24/09/2018.
- Celebrated 'Gandhi Jayanti' and 'Shatri Jayanti' by offering our voluntary services towards cleanliness drive in coordination with NSS, BHU at Lala lajpat Rai Primary School, Sunderbagia, BHU, Varanasi dated 02/10/2018

## SPORTS NEWS




- महाविद्यालय के क्रीड़ा विभाग की ओर से 29-30 अगस्त 2018 के मध्य राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।
- काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में 19-20 सितम्बर 2018 तक दो दिवसीय अन्तर्संकाय महिला बॉस्केट बॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें विश्वविद्यालय की 8 टीमों ने भाग लिया। कोच रितिका सिंह के नेतृत्व में महाविद्यालय की टीम चौथे स्थान पर रही।



- दिनांक 17 नवम्बर, 2018 को महाविद्यालय में आयोजित अन्तर्विभागीय टूर्नामेंट में छःटीमों ने हिस्सा लिया, इसमें अर्थशास्त्र विभाग विजेता एवं हिन्दी विभाग उप-विजेता रहा।
- दिनांक 17.11.2018 को महाविद्यालय में शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के मध्य आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता में शिक्षणेत्तर कर्मचारी टीम विजेता रही।

## SPIC MACAY



- दिनांक 15.02.2018 को महाविद्यालय के सभागार में स्पिक मैके चैप्टर, आ.म.पी.जी. कॉलेज के तत्त्वावधान में डॉ. जयन्ती कुमरेश द्वारा 'सरस्वती-वीणा वादन की प्रस्तुति दी गई।

## Community College

- सत्र 2018-19 में यू.जी.सी. द्वारा महाविद्यालय को National Skill Qualification Frame work (NSQF) community college के अन्तर्गत Food processing एवं Information Technology पाठ्यक्रम को संचालित करने की मान्यता प्राप्त हुई।

## NEWS IN FLASH

- श्री अरविन्द सोसाइटी, वाराणसी केन्द्र (अन्तर्राष्ट्रीय संस्था पुदुचेरी की इकाई) एवं आ.म.पी.जी. कॉलेज के संयुक्त तत्त्वावधान में दिनांक 14.08.2018 को श्री अरविन्द के जन्म दिवस (15 अगस्त) के उपलक्ष्य में एक परिचर्चा का आयोजन किया गया।



- 'श्रीकृष्ण एवं श्री अरविन्द विषयक' एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन दिनांक 30 सितम्बर, 2018 को किया गया। संगोष्ठी के मुख्य अतिथि, स्वामी विवेक चैतन्य, संस्थापक, भारत-माता मिशन, हरिद्वार, सम्मान्य अतिथि, प्रो. हरिकेश सिंह, कुलपति, जयप्रकाश सिंह विश्वविद्यालय विद्यालय, छपरा, मुख्य वक्ता द्वय डॉ. प्रज्ञान चौधरी, सदस्य राज्य-समिति, यू.पी. एवं उत्तराखंड, डॉ.जे.पी. सिंह, उपाध्यक्ष, श्री अरविन्द सोसाइटी, हिन्दी क्षेत्र, अध्यक्ष डॉ. शशिकान्त दीक्षित प्रबंधक तथा प्राचार्या डॉ. रचना दूबे आ.म.पी.जी.कॉलेज रहीं।



- दिनांक 16.09.2018 को ''रोटरी क्लब, वाराणसी सेन्ट्रल'' की ओर से 'चेतना समिति' द्वारा चिरईगाँव में आवश्यक सामग्री का वितरण किया गया। कार्यक्रम में रोट्रैक्ट क्लब, आ.म.पी.जी. कॉलेज की 30 छात्राओं ने सहभागिता की।




- दिनांक 20.09.2018 को रोटरी क्लब, वाराणसी द्वारा 'शिक्षक दिवस' के उपलक्ष्य में महाविद्यालय की चयनित शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को सम्मानित किया।



- दिनांक 03.10.2018 को डॉ. उमा पन्त पूर्व अध्यक्षा, दर्शन शास्त्र विभाग एवं डॉ. पूर्णिमा वार्ष्णेय, एसो.प्रो., प्रशिक्षण विभाग का सौप्रस्थानिक समारोह सम्पन्न हुआ।

## Student Council - 2018-19

महाविद्यालय सत्र 2018-19 में छात्र-परिषद् का चुनाव सम्पन्न हुआ। जिसमें छात्राओं द्वारा परिषद् के निम्न पदाधिकारियों का चयन किया गया।

| Name | Post |
|---|---|
| Akriti Burman | College Represetative |
| Ishika Singh | College Secretory |
| Sudiksha Singh | Sec. Student Welfare |
| Priyanka Shah | Hostel Development |
| Soumi Mandal | Sec. Law & Discipline |
| Pragya Dubey | Sec. Health & Hygiene |
| Aashana Mishra | Sec. Social Activities |
| Adity Singh | Sec. Cultural Activities |
| Harshita Pandey | Sec. Sports Activities |

## FACULTY REPRESENTATIVES

| | |
|---|---|
| Sana Afreen | FR Social Science |
| Akriti Burman | FR Commerce |
| Sudiksha Singh | FR Art |
| Pratibha Sonker | FR B.Ed. |

## ANTI RAGGING SQUAD

| | |
|---|---|
| Priyanka Maurya | Anti Ragging Squad |
| Meenakashi Mishra | Anti Ragging Squad |

## Appointment & Selection 2018-19

Management committee of Arya Mahila P.G. College declared the list of successful candidates for appointment against verious non teaching positions in the college.

| **Name of Staff** | **Designation** |
|---|---|
| Mrs. Shraddha Pokhariyal | Section Officer (Adn.) |
| Sri Amit Kumar Pandey | L.D.C. |
| Sri Jawahar Lal Tiwari | Assit. Home Sc. |
| Sri Satya Prakash Viswakarma | Lab Assit. (B.Ed.) |
| Sri Vipin | Lab Attendant (B.Ed.) |
| Sri Aman Pandey | Lab Attendant (B.Ed.) |
| Mrs. Suman Mishra | Lib. Attendant |
| Mrs. Ranjana Chaurasi | Lib. Attendant |
| Sri Siddhant Ku. Dubey | Lib. Attendant |




महाविद्यालय के न्यूज लेटर 'दर्पण' का विमोचन।



स्वतंत्रता दिवस 2018 के अवसर पर झंणोत्तोलन करते अतिथिगण।



जन्माष्टमी के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्र



महाविद्यालय में जिम का उद्घाटन


| *Chief-Editor* | *Sub-Editor* | *Sub-Editor* |
|---|---|---|
| **Dr.Ranjana Malviya** | **Dr. Preeti** | **Dr. Sunita Yadav** |
| Associate Professor, | Assistant Professor, | Lecturer, |
| Department of A.I.H.C. & Archaeology | Department of English | Department of A.I.H.C. & Archaeology |